तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

11 मालवाहक वाहन में सवारी बिठाई तो होगी कार्रवाई



12 4000 स्कूलों को बंद करने के आदेश के खिलाफ एनएसयूआई ने ...





## खबर संक्षेप

### कॉम्पटेक कालेज में आज आईसीटी बेस्ड लर्निंग परीक्षा

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय में आज 19 मई को आईसीटी बेस्ड लर्निंग की प्रायोगिक परीक्षा 10:30 से आयोजित की गई है। यह परीक्षा बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के लिए होगी। बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के लिए अकाउंट फॉर एवरी वन की परीक्षा भी 19 मई को 9 बजे से कॉम्पटेक महाविद्यालय में होगी। सभी विद्यार्थी प्रवेश पत्र के साथ नियत समय पर कॉलेज में उपस्थित होंवे।

### वट सावित्री व्रत 26 मई को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष वट सावित्री का व्रत 26 मई को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट में प्रारंभ होगा। 27 मई मंगलवार को अमावस्या तिथि सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर समाप्त हो जाएगी, इसलिए 26 मई को वट सावित्री का व्रत किया जाएगा। परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि वट सावित्री का पूजन मध्यान्ह में किया जाता है। मध्यान्ह में अमावस्या तिथि प्राप्त हो रही है, इसलिए इस दिन व्रत पूजन करना उचित है। यह तिथि देव पंचांग के अनुसार है इसलिए वट सावित्री व्रत को लेकर माताएं भ्रमित न हो।

### जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसबोड़ निवासी गजानंद साहू पिता बिशालीराम उम्र 62 शराब का आदी था। शराब पीने के बाद वृद्ध विक्षिप्त जैसी हरकत करता था। बीत 10 मई को वृद्ध ने शराब का सेवन किया था। नशे की हालत में वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान वृद्ध की शनिवार को दोपहर मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को दी विदाई

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को एमए व्दितीय सेमेस्टर के छात्रों व्दारा विदाई दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विनोद पाठक के आतिथ्य में हुआ। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने महाविद्यालय एवं इतिहास विभाग में बिताए दो वर्षों के अनुभव को साझा किया। इतिहास परिषद् व्दारा सत्र 2024-25 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राचार्य व विभागाध्यक्ष व्दारा पुरस्कृत किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने अपने संबोधन में जीवन में सफलता के लिए त्याग व परिश्रम को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रस्तुति के आधार पर कुंदनलाल साहू मिस्टर फेयरवेल व टेमेश्वरी मिस फेयरवेल चुनी गई। सूरज साहू मिस्टर हेंडसम व आकांक्षा यादव मिस ब्यूटी चुनी गई। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार देवांगन, डॉ. जितेन्द्र मानकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

पीएम जनमन का कमारों को मिला लाभ, बढ़ रही आबादी

# स्थायित्व मिला तो वंशवृद्धि की समस्या हुई दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएम जनमन योजना का रिजल्ट सामने आने लगा है। कुछ साल पहले कमारों की जनसंख्या तेजी से घट रही थी। अब उनकी आबादी बढ़ने लगी है। वंशवृद्धि उनकी सबसे बड़ी समस्या थी। स्थायित्व मिलने से कई बीमारियों से उन्हें मुक्ति मिली है। शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं भी मिलने लगी हैं।

जिले के तीन ब्लाक में कमार परिवार निवासरत हैं। सर्वे के अनुसार धमतरी ब्लाक में 5 स्थानों पर कमारों की बसाहट है। मगरलोड में 32 और नगरी ब्लाक में 130 कमार बस्तियां हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी को लाभ पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आवास निर्माण, आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड अपडेट जैसे कार्य किए जा रहे हैं। यह योजना कमार परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। पीएम आवास देकर उन्हें स्थायित्व प्रदान किया जा रहा है। पहले वे जंगल में घूम-घूम कर जीवन बिताते थे। गंदा पानी, भोजन की समस्या के चलते वे कई प्रकार की बीमारियों से घिर जाते थे। इसमें से एक बड़ी समस्या वंशवृद्धि थी। संक्रमण सहित अन्य कारणों से उनकी जनसंख्या तेजी से घट रही थी। पीएम जनमन के तहत सुविधा मिलने के बाद अब उनकी जनसंख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। वर्ष 2019 में जिले में कमार परिवारों की संख्या 1700 थी, जो बढ़कर 1900 से ज्यादा हो गई है। यही नहीं अब वे स्थायित्व भी प्राप्त कर रहे हैं। जिले में करीब 800 कमार परिवारों को जमीन का पट्टा भी दिया गया है, जिसमें वे खेती कर रहे हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है।





फाइल फोटो

### विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे

वर्ष 2017-18 में जांच में पाया गया था कि वंशवृद्धि की समस्या के चलते कमारों की जनसंख्या कम होती जा रही है। विशेष संरक्षित जनजाति कमारों की जनसंख्या पहले से ही काफी कम थी। ऐसे में कमारों की संख्या कम होना चिंता का विषय था। उनकी वंशवृद्धि के लिए उनकी नसबंदी पर भी प्रतिबंध है। शासन के निर्देश पर पूरी प्लानिंग बनाकर इस समस्या को दूर करने का प्रयास शुरू किया गया। कमारों की जांच और इलाज के लिए अलग से फंड जारी किया गया। जिला चिकित्सालय में जांच और इलाज किया गया, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया। अब जनमन योजना के तहत इस समस्या को जड़ से खत्म करने की तैयारी है। सुविधाएं मिलने के बाद वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

### बन रहे पक्के मकान

पीएम आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए लोगों को 1 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। जनमन योजना में यह सहायता 2 लाख रुपए दी जा रही है। इससे कमार परिवारों को मकान बनाने के लिए जेब से ज्यादा खर्च करना नहीं पड़ रहा है। जानकारी के आवास सर्वे में 1465 कमार परिवारों की सूची तैयार की गई है। इसमें से 1285 परिवारों के लिए आवास की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। 787 परिवारों का पक्का मकान बन चुका है। सर्वे का काम दो दिन और चलेगा जिसमें कुछ और कमार परिवार आवास के लिए पात्र हो सकते हैं।

---

### मिनी गोवा में जेस्की और स्पीड मोटरबोट भर रहे फर्राटे





**धमतरी।** भीषण गर्मी के महीने जेठ में मौसम मेहरबान है। असामयिक बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। इस मौके पर गंगरेल पर्यटन के मिनी गोवा में जेस्की और स्पीड मोटरबोट फर्राटे भर रहे हैं।

---

# रिजल्ट आने के बाद भी रोजगार कार्यालय में सन्नाटा



फाइल फोटो

■ ऑनलाइन पंजीयन के लिए छात्रों को मार्कशीट मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोजगार पंजीयन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पहले जैसे भीड़ नहीं लगती। युवाओं को काफी राहत मिली है। जो युवा मैनुअली पंजीयन के लिए पहुंचते हैं, उनका काम भी दोपहर से पहले ही हो जाता है। ऐसे में अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट आदि में फोकस किया जा रहा है।

सरकारी नौकरी सहित कई प्रकार की जॉब के लिए रोजगार पंजीयन अनिवार्य है। ऐसे में मार्कशीट प्रमाणपत्र मिलने के बाद युवा प्राथमिकता के साथ रोजगार पंजीयन कराते हैं। एक समय था जब रोजगार पंजीयन ऑफलाइन होता था। युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन केंद्र जाकर पंजीयन करवाना पड़ता था। पूरे जिले में पंजीयन के लिए सिर्फ एक दफ्तर होने के कारण रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में भीड़ लगी रहती थी। दूर से आए युवाओं को परेशानी उठानी पड़ती थी। इन समस्याओं को देखते हुए शासन ने रोजगार पंजीयन का पूरा सिस्टम ही ऑनलाइन कर दिया है। च्वाइस सेंटर जाकर या खुद के मोबाइल से लोग रोजगार पंजीयन कर सकते हैं। सुविधा मिलने के बाद युवा रोजगार पंजीयन ऑनलाइन ही करा रहे हैं। उधर ऑफलाइन पंजीयन प्रक्रिया ही बंद कर दी है। पंजीयन कराने वाले अधिकांश युवाओं ने तो मोबाइल या च्वाइस सेंटर से ही पंजीयन कराया है। कई युवा रोजागार मार्गदर्शन केंद्र पहुंचे हैं वहां पर भी उनका पंजीयन ऑनलाइन ही किया गया। खास बात यह है कि ऑनलाइन करने के लिए डाक्यूमेंट सत्यापन की जरूरत ही नहीं है। पंजीयन के वक्त वे जो डाक्यूमेंट वे अपलोड करेंगे या फार्म में भरेंगे वहीं मान्य होगा। पंजीयन के लिए न तो डॉक्यूमेंट सत्यापन करवाने की जरूरत है और न ही अधिकारी की सील व साइन अनिवार्य है। पंजीयन के बाद जो रिसिप्ट मिलेगी उसे ही मान्य किया जाएगा। डाक्यूमेंट सत्यापन की जिम्मेदारी नौकरी देने वाले नियोक्ता की है।

---

# तीन साल बाद उदंती सीतानदी के जंगल में टाइगर की वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


करीब तीन साल से टाइगर की वापसी की राह ताक रहे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल से सुखद खबर है। 20 दिनों के अंदर रिजर्व क्षेत्र के दो अलग- अलग स्थानों पर बाघ के पग चिन्ह देखने को मिले हैं। जंगल में टाइगर की वापसी की खबर पर वन विभाग का अमला अलर्ट हो गया है। टाइगर के पैरों के निशान वाली जगह पर पहुंचकर वन विभाग ने पग चिन्हों का प्लास्टर मोल्ड लिया है।

उल्लेखनीय है कि उदंती सीतानदी अभ्यारण में आखिरी बार बाघ की उपस्थिति अक्टूबर 2022 में दर्ज की गई थी जब ट्रैप कैमरा में उसकी फोटो कैद हुई थी। दिसंबर 2022 में अंतिम बार बाघ का मल सैंपल एकत्रित किया गया था। टाइगर रिजर्व जंगल के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि 24 अप्रैल को कुल्हाडीघाट परिक्षेत्र के जंगल में चिरौंजी बीनने गए ग्रामीण देवीलाल सोरी ने पेट्रोलिंग श्रमिकों एवं बीटगार्ड को बाघ के पगचिन्ह एवं दो भैंसों का शिकार करने की सूचना दी। वहीं 23 अप्रैल 2025 को सरपंच पतिराम सिंह ने बाघ के पग चिन्ह के बारे में पेट्रोलिंग श्रमिकों को सूचना दी। सूचना पर एंटी पोंचिंग टीम एवं पेट्रोलिंग श्रमिकों ने क्षेत्र का मुआयना किया जहां बाघ के कई पगमार्क पाए गए। वहीं सौ मीटर के अंतराल में शिकार किए गए दो लावारिस भैसों के शव मिले।

उपनिर्देशक श्री जैन ने बताया कि उन्होंने भी क्षेत्र का निरीक्षण किया जहां दो अलग-अलग आकार के बाघ के पग चिन्ह दिखाई दिए जिसे प्लास्टर आफ पेरिस में मोल्ड किया गया। बाघ के मल की भी खोज की जा रही है ताकि डीएनए सेंपल के लिए देहरादून स्थित टाइगर सेल भेजा जा सके। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन में बाघ के विचरण को देखते हुए आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई है। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। ग्रामीणों को जंगल में अकेले नहीं जाने कहा गया है। बाघ की ट्रेकिंग निरंतर करने के साथ ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। इससे बाघों के स्ट्राइप पैटर्न की जानकारी मिल सकेगी।

### दो अलग-अलग स्थानों पर बाघ के पग चिन्ह मिले







### टाइगर के हमले से तेंदुए की मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार मासुलखोई के जंगल में एक जख्मी तेंदुआ मिला था। रेस्क्यू वाहन में ले जाते हुए तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग की माने तो तेंदुए के शरीर पर गहरे जख्म के निशान और दांत गड़ने के निशान भी मिले थे। आशंका है कि टाइगर के हमले और आपसी द्वंद्व के कारण तेंदुए की मौत हुई होगी।

### वन्य जीवन गणना का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के फिल्ड बायोकाजिस्ट अनिल देशलहरे ने 150 फील्ड स्टाफ को वन्य जीवन गणना का प्रशिक्षण दिया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व को एनटीसीए द्वारा मध्यप्रदेश से दो मादा और एक नर बाघ को स्थानांतरित करने की अनुमति मिल गई है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ के दो अलग-अलग पगमार्क, दो शिकार किए गए मवेशी मिले थे। वर्तमान में बाघ की ट्रेकिंग की जा रही है। फील्ड स्टाफ को गश्त के दौरान बाघ, तेंदुए जैसे कार्निवोर और हाथी, गौर जैसे बड़े शाकाहारी जानवरों के मल, पदचिन्हों, ट्रेप कैमरा फोटो से उसकी उपस्थिति एवं संख्या ज्ञात करने में मदद मिलेगी।

---

# बेटी को मायका में छोड़ देने से परेशान मां ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दो महीने पहले शादी होकर गई बेटी को ससुरालियों द्वारा मायका में छोड़ देने से परेशान मां ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

■ ग्राम कोर्रा की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मृतिका के पति हेमंत साहू ग्राम कोर्रा थाना भखारा निवासी ने बयान में पुलिस को बताया कि बीते अप्रैल माह में उसकी बेटी की शादी हुई थी। शादी के बाद बेटी ससुराल चली गई। पखवाड़ा भर पहले ससुराल वालों ने तबीयत ठीक नहीं है, कहकर बेटी को मायका पहुंचा दिया। 15 दिन से बेटी माता पिता के पास मायका में रह रही है। बेटी को मायका में बैठे देख उसकी मां हित्तु साहू उम्र 45 वर्ष तनाव में रह रही थी। शनिवार की रात्रि घर के सभी लोग खाना खाकर कमरे में सो गए। रात्रि लगभग 3 बजे हेमंत लघुशंका के लिए उठा तो पत्नी हित्तु साहू कमरे में नहीं थी। पत्नी की घर में इधर-उधर तलाश की, लेकिन महिला का पता नहीं चला। तलाश करते पति छत पर चला गया। जहां उसकी पत्नी हित्तु साहू बेहोशी की हालत में मिली। उसके मुंह से जहरीली दुर्गंध आ रही थी। महिला को उपचार के लिए एम्बुलेंस से तत्काल भखारा अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। महिला को संजीवनी 108 की मदद से रात्रि में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



---

# करंट से दो मवेशियों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखण्ड में आए दिन आंधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली खंभे टूट रहे हैं, कई जगह तार गिर रहे हैं। बीते गुरुवार को आंधी तूफान के चलते फ़रसियां में बिजली के पोल गिर गए थे। वार्ड क्रमांक 4 में प्रदीप सोन के घर के पीछे शनिवार रात्रि में चार दिन से सड़क में गिरे बिजली खंभे के तार के संपर्क में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। सरपंच ने बताया कि जानकारी देने के बाद विद्युत विभाग द्वारा गली कलेक्शन नहीं काटा गया। आंधी तूफान में कई विशाल वृक्ष, बिजली खंबा धराशायी हो गए। ग्रामीणों ने सड़क में खंभा गिरने और आवागमन बाधित होने की सूचना विद्युत विभाग को दी थी, पर विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए गिरे हुए खंभे से विद्युत प्रवाह बंद नहीं किया। बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मवेशी मलिक शिव यादव ने शासन-प्रशासन मुआवजे की मांग की है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के अनुसार पता चलेगा कि मवेशियों की मौत करंट से हुई है नहीं। करंट से मौत होने पर उच्च अधिकारी को प्रकरण भेज दिया जायेगा और उसे मुआवजा दिया जाएगा।



फरसियां में आंधी-तूफान से गिरा था बिजली खंभा

---

एसपी ने किया भखारा थाना का निरीक्षण, बीट सिस्टम की समीक्षा की

# गुंडा बदमाशों की चेकिंग नहीं करने पर थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निरीक्षण के दौरान एसपी ने गुण्डा बदमाशों की चेकिंग नहीं किए जाने पर भखारा थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाने निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार द्वारा भखारा थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भखारा थाने के बीट सिस्टम की समीक्षा की। बीट सिस्टम का सही फार्मेट बताकर थाना प्रभारी को कम्पलाइंस के निर्देश दिए। भखारा थाना में 52 गांव आते हैं। इसके लिए वर्तमान में दी गई प्रचलित व्यवस्था 03 काफी नहीं है। उसे अधिक संख्या में बीट में इस तरह विभाजित किया जाए कि प्रत्येक ग्राम के लिए अधिकारी कर्मचरी का चिन्हांकन हो सके। आरक्षक गोपाल साहू, गजेंद्र टंडन व दुष्यंत सिन्हा को बीट सिस्टम के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा पुख्ता जानकारी नहीं होने एवं अपने प्रभार के बीट में विजिट नहीं करना पाया गया। जिस पर तीनों आरक्षक को एसपी द्वारा चेतावनी दी गई। नये कानून, ई-साक्ष्य एप्स का प्रयोग नहीं कर रहे प्रआ अश्वनी बंजारे को निंदा की सजा दी गई। प्रभारी को थाना के समस्त अधिकारी कर्मचारी को नये कानून की धाराओं व उनके प्रावधान सहित अन्य जानकारी देकर प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। समंस वारंट तामिली के लिए लगाए गए कर्मचारियों को तस्दीक करने रवाना नहीं होना पाए जाने पर आरक्षक मददगार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने निर्देशित किया। थाना क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों की चेकिंग नहीं किए जाने पर थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं थाना प्रभारी को ग्राम रामपुर एवं कोपेडीह में अभियान चलाकर अवैध शराब पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान एसपी ने रोजनामचा, मालखाना, कम्पयूटर कक्ष, अपराधियों की सूची, अपराधों की जांच, फरार अपराधियों की जानकारी ली। थाना क्षेत्र में बेसिक पुलिसिंग करने के साथ ही जुआ, सट्टा, गांजा, अवैध कारोबारियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भखारा थाना प्रभारी सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।



## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### मगरलोड क्षेत्र में समाधान शिविर आज से

**मगरलोड।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेश अनुसार 4 अप्रैल से सुशासन तिहार के तहत राज्य के प्रत्येक गांव में मांग, समस्या, सुझाव पत्र लिया गया है। जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा 66 ग्राम पंचायत को 7 कलस्टर में विभाजित कर 7 मई से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 19 मई सोमवार को करेली छोटी में समाधान शिविर लगेगा। शिविर में ग्राम करेली छोटी सहित हरदी, बेलौदी, गिरौद, सौंगा, अरौद, खैरझिटी, परसवानी, मेघा, सोनपैरी, छिपली गांव शामिल है। 23 मई को ग्राम भेंडरी में शिविर लगेगा जिसमें ग्राम भेंडरी, चन्द्रसूर, बुड़ेनी, नवागांव बु., चन्दना, परसट्टी, परेवाडीह, मोहरेंगा, करेली बड़ी, धौराभाठा कु., कुंडेल को शामिल किया गया है। 27 मई को सिंगपुर में में आयोजित शिविर में सिंगपुर, बिरझुली, पठार, खडमा, मुड़केरा, सोनझरी, केकराखोली, भंडारवाड़ी के ग्रामीण शामिल होंगे। 30 मई को ग्राम पहन्दा में शिविर का समापन होगा। इसमें ग्राम पहन्दा, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, भोथा, लड़ेर, बोरसी, मोहंदी, झाझरकेरा शामिल होंगे।

### जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा स्थगित

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा की बैठक 19 मई को दोपहर 12 बजे जनपद की सभा कक्ष में आयोजित होनी थी जो कि अपहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने बताया है कि जनपद पंचायत दुर्गूकोदल की सामान्य सभा की बैठक की जानकारी अलग से दी जाएगी।

### 10वीं में पुनमश्री 96.2 प्रतिशत के साथ अव्वल

**जगदलपुर।** शहर की लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी पुनमश्री 10 वी सीबीएससी परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक में मेरिट में स्थान लाई है। दीप्ती कान्वेंट में अध्यनरत पिता रजनीश व माता दुर्गा आचार्य की होनहार पुत्री प्रारम्भ से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। पुनमश्री का कहना है वह 11 वी में विज्ञान संकाय लेकर नीट परीक्षा की तैयारी करेगी। डॉक्टर बनने का लक्ष्य लेकर आगे की पढ़ाई करने का मन बनाई है। उसके इस सफलता पर परिजन रिश्तेदार और शहरवासियों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

शिवपुराण में सुनाई शिव-पार्वती की कथा, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# शिव-पार्वती विवाह में बाराती बने श्रोतागण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति, गंजीर परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 19 मई तक श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है। छठे दिवस कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय अमलीपदर गरियाबंद द्वारा शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी आकर्षक का केंद्र रही।भागवत कथा के दौरान धार्मिक भजन गाए गए जिस पर श्रद्धालु जमकर थिरके। पंडित जी ने मां गंगा का जन्म, उत्पत्ति एवं तपस्या की कथा भी सुनाई।

आज 19 मई को अंतिम दिवस श्री राम गीता, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा यज्ञ, पूर्णाहुति एवं अन्न संत तर्पणम की कथा होगी। कथा सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

# बिरनपुर के ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे

- टंकी निर्माण हुए 2 साल बीते, बोर में पानी का फोर्स कम, अब दूसरी जगह बोर कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



गर्मी में ग्राम बिरनपुर का माता तालाब सूख गया है। निस्तारी के लिए ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है । पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत का अवगत कराया। पिछले वर्ष जल जीवन मिशन के तहत स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 62.77 लाख रुपए से पानी टंकी का निर्माण किया गया। ठेकेदार को 9 माह में कार्य पूर्ण कर देना था।

ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण तो कर लिया गया है। पाइप लाइन का विस्तार भी किया गया है। पानी के लिए बोर खनन किया गया लेकिन पानी की कमी के कारण ठेकेदार ने काम छोड़ दिया और पानी को पाइपलाइन में नहीं जोड़ा। लोगों के घरों में आज तक पानी नहीं पहुंचा है, जिसमें मोहल्लेवासियों को पीने के पानी व निस्तारी पानी के लिए समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। आसपास के तालाब भी सूख गए हैं। वार्ड क्रमांक 15, 16 के पंच अज्जू बाई निर्मलकर, नरेंदी बाई ध्रुव अध्यक्ष, ललित साहू युवा मंडली अध्यक्ष, रेवाराम पटेल, प्रियंका, जयबाई, उमाबाई, खेलन बाई ने कहा कि बोर खनन के बाद पानी नहीं निकलने के बाद कारण ठेकेदार ने काम छोड़ दिया है। दूसरी जगहों पर बोर खनन करने के बाद पानी टंकी में चढ़ाया जाए और गांव में सप्लाई की जाए। सरपंच आत्मा नेताम ने बताया कि इसकी जानकारी विभाग को दी गई है। उच्च अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार को काम पूर्ण करने बोल दिया गया है।

## अमृत सरोवर में तिरंगा लहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम पंचायत बिरेझर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर सरपंच नेहा गुपेंद्र साहू, उपसरपंच झालेंद्र साहू, साहू समाज संरक्षक भादूराम साहू, सर्व समाज सचिव ईश्वर लाल, रामचंद्र साहू, थानेश्वर गहिवारे, हिरऊ राम, संजय ठाकुर समेत मातृशक्तियों ने अमृत सरोवर में तिरंगा लहराया।

## तिरंगा यात्रा में दिखा ग्रामीणों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आश्रित ग्राम दुगलीपारा में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्कूल से शुरू होकर पूरे गांव भ्रमण में निकली। यात्रा में नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों का उत्साह देखने लायक था। ज्ञात हो कि जम्मू कश्मीर के पहलगाव में हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा नागरिक शहीद हुए जिसका भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया।

इस ऐतिहासिक यात्रा में श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, दुर्गा दरो सरपंच, द्वारिकाप्रसाद पंचायत सचिव, हिरदेश्वरी मरकाम, रामजी नेताम, गुलसन साहू, रमती कुंजाम, चंदेश्वरी शोरी, आशालता मरकाम, रोहणी शोरी, छनिता साहू, पुष्पा ध्रुव, लता चाणक्य, पूनम चतुर्वेदी, अमरिका ध्रुव, गीतांजलि यादव, चेलेश्वरी धृतलहरे, मनेश्वर मरकाम, दीनदयाल नागरची, सुजान मानिकपुरी आदि शामिल थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देशवासियों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना करतूत का बदला भारतीय सेना, वायुसेना एवं नौसेना ने साझा रूप से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूरे देशवासियों में हर्ष है। ग्राम जीजामगांव में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू, सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरिलाल महिलांगे, सचिव कुणाल देवांगन, जीवराख़न चंद्राकर, प्रीतम साहू, हरिश्चन्द्र साहू, कार्तिकराम साहू, शुभम दास बघेल, युवलाल चेलक, सुमन मारकंडे, देवदत्त साहू समेत महिला समूह एवं ग्रीन कमांडो की सदस्य शामिल हुई।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बेलौदी में तिरंगा यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सैनिकों के पराक्रम के सम्मान में ग्राम बेलौदी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतमाता की जयघोष के साथ गांव का भ्रमण किया गया। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की बेरहमी से हत्या की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाकर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों को तबाह कर दिया।

इस अवसर पर जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, सरपंच सीता बाई साहू, घनश्याम साहू, कृष्णकुमार पाल, तमन्ना, भागवत साहू, उमेन्द्र साहू, रिपुसुदन साहू, सचिव दुखूराम साहू, भागवत निषाद, तिलकराम साहू, शिक्षक नारायण साहू, उपसरपंच वीरेन्द्र साहू, वरीन बाई पाल सहित सैकड़ों ग्रामीण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए बेलरगांव के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में छत्तीसगढ़ में जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत बेलरगांव में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन कार्यकर्ता, महिला समूह ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भारत माता के जयकारे के साथ गांव का भ्रमण किया।

मौके पर रीता नेताम संरपच बेलरगांव, मोहनी साहू उपसरपंच, हरिशंकर साहू सचिव, मनोहर दास मनिकपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलरगांव, अमरसिंह पटेल ग्राम पटेल, लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, उमेश साहू, गजेंद्र नेताम, जीतू साहू, खिरभान सिंह पवार, कमलदेवी साहू, कौशल्या नाग, नंदलाल साहू रोजगार सहायक, ढुबकेश्वरी ध्रुव वार्ड पंच, आलेश्वर पटेल, रजवंती देवांगन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उमरगांव की ग्रामसभा में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत उमरगांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल खत्म होने पर पहली ग्राम सभा आयोजित हुई जिसमें त्रिवेणी पुजारी को ग्राम सभा अध्यक्ष बनाया गया। ग्राम न्याय एवं शांति व्यवस्था सामिति गठित की गई।

मौके पर सरपंच अंजना ध्रुव, पूर्व सरपंच सुरेश मरकाम, सचिव सामरथ, पंच महेश पुजारी, मोती दिवाकर, चन्द्रभान यादव, पूनम कश्यप, विष्णुरथ साहू, नूतन साहू, शोभित नेताम, गजेन्द्र साहू, प्रहलाद मरकाम, पन्ना पुजारी उपस्थित थे।

## भारतीय सेना के साहस को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत करैहा में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य आतंकवाद पर भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक जीत, आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के साहस, शौर्य व बलिदान को नमन करना था।

यात्रा में सरपंच राधेश्याम नेताम, उपसरपंच सखाराम गंजीर, सचिव रामभरोस यादव, रोजगार सहायक दिनेश मंडावी, वार्ड पंच तोरण मंडावी, गोकुलराम मरकाम, पूर्णिमा नेताम, संतोषी सलाम, किरण साहू, शंकरलाल, किशोर मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शीतला माता मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की

- परमार्थ सेवा समिति ने की एक और सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, चमन साहू, दयाशंकर साहू, भोज राज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल, पूर्व पार्षद भूपेंद्र साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है।

अंवरी के अटल समरसता भवन में किसानों के लिए संगोष्ठी हुई

# सहकार से समृद्धि विकास का मंत्र है : सीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी




सहकार से समृद्धि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का अभिनव अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में सभी प्रकार के अपव्यय एवं अकुशलता का निराकरण कर विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सहकारी क्षेत्र की क्षमता का पूर्ण दोहन करना है। खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन के अवसरों का विकास कर हर पंचायत के हर परिवार को वित्तीय आत्मनिर्भरता तक पहुंचाने हेतु सहकार से समृद्धि ही सुनहरा पथ है। उक्त विचार जिला सहकारी संघ धमतरी के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू ने ग्राम अंवरी के अटल समरसता भवन में आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त की। संगोष्ठी का आयोजन जिला सहकारी संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत को-ऑपरेटिव बैंक शाखा मरौद क्षेत्र अंतर्गत 4 पैक्स समितियों के कृषकों व सदस्यों हेतु किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉक्टर एएन दीक्षित ने कहा कि संपूर्ण सहकारिता क्षेत्र को जीवंत बनाने 50 से अधिक उपाय प्रारंभ किए गए हैं। सर्वाधिक 14 सुधार प्राथमिक सहकारी समितियों के क्षेत्र में किए गए हैं जबकि सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण हेतु 9, सहकारी समितियों को आयकर में रियायत देने 6, सहकारी चीनी मिलों हेतु 4, बहुराज्यीय सहकारी समितियों के संबंध में 3, सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने 2 तथा अन्य 7 सुधार महत्वपूर्ण है। सहकारी क्षेत्र को अधिक आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने नवाचार एवं आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर सभी सहकारी समितियों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इन प्रस्तावों पर तेजी से काम भी हो रहा है। छत्तीसगढ़ में सभी प्राथमिक सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन हो चुका है तथा सभी समितियां डिजिटल नेटवर्क से जुड़ गई हैं। अब इन समितियो में माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रारंभ हो गई है। सदस्यों को रुपे किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये समितियां अब कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में भी काम कर रही हैं। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

संगोष्ठी में पैक्स अंवरी के प्राधिकृत अधिकारी कामता प्रसाद साहू, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी मूलचंद चंदेल, पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू, रंजीत जांगड़े, पैक्स गातापार के प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू, कुम्हारी सरपंच श्रीमती मंजुलता साहू, सरपंच प्रतिनिधि विजय साहू, कोऑपरेटिव बैंक शाखा प्रबंधक मरौद अशोक साहू, पूर्व प्राचार्य भैंसबोड़ गंगा प्रसाद साहू, कृषक बिसाहू, संस्था कर्मचारी इशमेश कुमार साहू, ताराचंद सोनवानी, होमेन्द्र साहू युगल किशोर सेन समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन पैक्स अंवरी प्रबंधक पूनम जांगड़े ने किया।

## भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस को सलाम : विजय

**मगरलोड।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर निर्दोष हिंदुओं की हत्या की गई। इस कृत्य से पूरे देश में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश है।



भाजपा मंडल मगरलोड के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर अभियान के तहत भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी स्थलों को मिसाइल से तबाह कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम एवं वीरता से संपूर्ण भारतवासी गौरवान्वित हुए हैं। सैनिकों के पराक्रम को पूरा देश सलाम करता है।

## युक्तियुक्तकरण की नीति विद्यार्थी हित में नहीं : दयालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दयालूराम साहू ने बताया कि प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने युक्तियुक्तकरण नीति की त्रुटिपूर्ण बिंदुओं के विरोध में ज्ञापन मुख्यमंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छग को दिया है।



उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को कक्षाओं की संख्या एवं विषय आधारित किये जाने का सुझाव दिया है। युक्तियुक्तकरण नीति 28 अप्रैल पूर्णतः 2 अगस्त 2024 की नकल है जिसमें विद्यार्थी हित को पुनः अनदेखा किया गया है। फेडरेशन का कहना है कि प्राथमिक शिक्षा से विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा स्तर के परीक्षा मूल्यांकन में गिरावट आ रही है। सरकारी विद्यालयों के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होते हैं जो कि शाला के विद्यालय शिक्षण पर निर्भर रहते हैं। यदि दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाता है तो विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होगा जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध है। फेडरेशन का मत है कि सेटअप में कक्षाओं की संख्या तथा विषयमान से विद्यार्थियों को शिक्षक मिलना गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए आवश्यक है।

## खबर संक्षेप




### ग्रामीण ने गांव के एक परिवार पर जादू टोना करने का लगाया आरोप

**कांकेर।** बड़ेतेवड़ा में एक ग्रामीण ने एक परिवार पर जादू टोना का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी ने शिकायतकर्ता परिवार के सदस्यों से कहा कि तुम लोग टोनहा हो और इससे वह और उसकी बेटी बीमार रहते है। आरोपी ने ऐसा कहते हुए गाली देते हुए जाने से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेतेवड़ा निवासी हिराऊराम सलाम पिता रताउराम सलाम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 17 मई की शाम को मेरे पिता रताउराम सलाम व घर के अन्य सदस्य घर पर थे। मेरे बड़े पिता सिताउ राम सलाम का मकान हमारे घर के पास में ही है। इसी दिन शाम को 7 बजे कोई व्यकित मेरे घर के सामने आकर चिल्ला-चिल्लाकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे सुनकर वह और मेरे पिता रताउ राम घर से बाहर निकलकर देखे तो हमारे गांव का रामूराम सलाम घर के सामने खड़ा था। उसी समय बड़े पिता सिताउ राम सलाम भी अपने घर से बाहर निकलकर गली में आ गए। रामूराम सलाम से पूछा किसको गाली गलौज कर रहे हो, तब उसने गुस्से में आकर बोला कि तुम और तुम्हारे पिता रताउ राम तथा तुम्हारे बड़े पिता सिताउ राम टोनहा हो, तुम लोग जादूटोना करके मुझे एवं मेरी बेटी को बीमार करते हो, जिससे परेशान रहता हूं। हम दोनों इलाज कराने पर भी ठीक नहीं होते हैं। तुम लोग जादूटोना करके अपने दोनों बोर में पानी निकलवाकर खेती कर रहे हो। तुम लोगों के कारण ही इतना परेशान हूं। तुम तीनों को जान से खत्म कर दूंगा, फिर मुझे कोई परेशानी नहीं होगी। रामूराम को बोला कि हम लोग कोई जादूटोना नहीं जानते हैं, तुम भी अपने घर में बोर कराओ, तुम्हारे घर में भी पानी निकलेगा। तब वह और भी ज्यादा गुस्से में आकर मारने-पीटने पर उतारू हो रहा था।

### ज्येष्ठ माह में सूर्य की और बढ़ेगी तपिश, नौतपा भी इस बार तपाएगा




**कांकेर।** ज्येष्ठ माह शुरू होते ही सूर्यदेव की तपन तेज हो जाती है, परंतु पश्चिमी विक्षोभ के चलते तीन दिनों से शाम के मौसम में बदलाव हो जाता है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहेगा। अगले माह से आषाढ़ बारिश का महीना शुरू हो जाएगा, जिसके चलते किसान अभी से किसानी की प्रारंभिक कार्य में जुटने लगे हैं। खेतों की सफाई व मरम्मत कार्य इन दिनों शुरू कर दिया गया है। पंचाग के अनुसार 13 मई से ज्येष्ठ माह प्रारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ माह जिसे जेठ माह भी कहते हैं। इस माह में सर्वाधिक गर्मी का वातवरण रहता है। सामान्य दिनों की अपेक्षा धूप तेज और भभकती गर्मी का माहौल रहता है। नवतपा भी इसी माह धरती को तपन देता है। ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर कुछ चंदला है, लेकिन वो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। भीषण गर्मी से दोपहर को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल पहल हो पा रही है।

***25 मई से 2 जून तक नौतपा :*** ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर बदला है, लेकिन वो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। ज्येष्ठ माह में ही 26 मई से ही नौतपा लगेगा, जो 2 जून तक चलेगा।

नगरी, सिहावा, दुगली, मेचका क्षेत्र के 100 मालवाहक वाहन मालिकों की एसडीओपी ने ली बैठक

# मालवाहक वाहन में सवारी बिठाई तो होगी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी नगरी) शैलेन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में थाना नगरी, सिहावा, दुगली, मेचका क्षेत्र के 100 मालवाहक वाहन मालिकों की बैठक हुई।

बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों, वाहन संचालन के कानूनी प्रावधानों तथा यातायात जागरूकता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मालवाहक वाहन में यात्रियों का परिवहन नहीं करना है। चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट करता है तो ऐसी परिस्थितियों में चालक के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। चालक के पास वैध ड्राइविंग लायसेंस एवं वाहन का बीमा होना अनिवार्य है। वाहन का कागजात दुरूस्त एवं अपडेट रहना चाहिए। हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना है। यदि कोई भी मालवाहक वाहन में सवारी ढोते हुए नियम तोड़ता है और वाहन से कोई गंभीर दुर्घटना होती है तो वाहन मालिक को भी सह आरोपी बनाया जा सकता है और वाहन का परमिट रद्द करने के साथ वाहन चालक का ड्राइविंग लायसेंस निरस्त करने परिवहन विभाग को भेजा जायेगा। इसी क्रम में ग्राम सिहाद में आयोजित समाधान शिविर में आये ग्रामीणों को प्रधान आरक्षक देवेन्द्र गजेन्द्र द्वारा यातायात जागरूकता संबंधित पाम्पलेट वितरण किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी नगरी) शैलेंद्र पांडेय, थाना प्रभारी नगरी शरद ताम्रकर, थाना प्रभारी सिहावा लेखराम ठाकुर, थाना मेचका प्रभारी राधेश्याम बंजारे, थाना प्रभारी दुगली सउनि प्रकाश नाग उपस्थित थे।

## जीवन में सफलता के लिए त्याग और परिश्रम आवश्यक : डॉ. हेमवती

- पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग में बुधवार को एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ व्हीके पाठक के आतिथ्य में हुआ। चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने महाविद्यालय एवं इतिहास विभाग में बिताए 2 वर्षों के अनुभव साझा किया। कुंदन लाल साहू और टेमेश्वरी ने गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने उन्हें दिए गए टास्क पर मनोरंजन प्रस्तुतियां दी। इतिहास परिषद द्वारा सत्र 2024 25 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेताओं को प्राचार्य व विभागाध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य ने कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने अपने संबोधन में जीवन में सफलता के लिए त्याग और परिश्रम को आवश्यक बताते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कुंदन लाल साहू मिस्टर फेयरवेल, टेमेश्वरी मिस फेयरवेल चुनी गई जबकि सूरज साहू मिस्टर हैंडसम और आकांक्षा यादव मिस ब्यूटी चुनी गई। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक, डॉ जितेंद्र मानकर अतिथि व्याख्या समेत एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र तुषार ठाकुर, कल्पना साहू, अंजलि, कुलेश्वर, पूजा, श्वेता, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र गुरजोत, कुंदन, कुसुम, सूरज, आकांक्षा, नोमेन्द्र, रविंद्र, चंद्रशेखर, पेमन, ढाल सिंह, ज्ञानेश्वरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तुषार ठाकुर द्वारा किया गया।

## देशभक्ति की भावना को मजबूत करने निकली तिरंगा यात्रा



- ऑपरेशन की सफलता से देश भर में खुशी और गर्व का माहौल : खुमेश्वरी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा में भारत माता के जयकारों नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन व देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के शौर्य व हौसले को सलाम करने के लिए यह यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य पहलगाम में आतंकियों के अमानवीय अत्याचार के खिलाफ देशवासियों में देश भक्ति की भावना को मजबूत करना था। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों की कायरता हरकत का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। यह ऑपरेशन भारत की सैन्य ताकत और तकनीकी क्षमता का प्रतीक बन गया है। ऑपरेशन की सफलता से देश भर में खुशी और गर्व का माहौल है। तिरंगा यात्रा में सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, टिकेश्वर साहू, भोलेश्वर यादव, संजय जोशी, दीपक साहू, लक्ष्मीनारायण नेताम, बिनेश दिवान, अंजु ध्रुव, संध्या साहू, मोनिका साहू, सुमनलता साहू, बेगन साहू, धनेश्वरी यादव, हेमलता साहू, पुष्पा साहू, चम्पा साहू, कचरा साहू, नंदनी मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता एवं सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा बलों का हौसला बढ़ाया। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत नगरी से बजरंग चौक का भ्रमण कर शहीद स्मारक स्थ पहुंची। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान के तहत भारत माता के जयकारों और तिरंगा झंडे को लहराते हुए नगरी में शान से तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, श्रवण मरकाम, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, महामंत्री रूपेन्द्र साहू, भरत निर्मलकर, जनपद सदस्य सभापति राजू गोसाई, शुभम यदु, पूर्व मडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, सभापति अल्का साव, पार्षद राजा पवार, शंकरदेव, आसकरण पटेल, अंबिका धुव, डिगेशवरी साहू समेत नगर पंचायत के सभी पार्षद, अधिकारी- कर्मचारी हाथों में तिरंगा लहराते भारत माता के जयकारे लगाए।

### सिहावा स्कूल में समर कैंप का समापन

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा के प्राचार्य एसआर साहू के नेतृत्व में 15 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुआ। शुरुआत में योग एवं मेडिटेशन हुआ। 15 दिन तक चले समर कैंप में बच्चों से फीडबैक लिया गया। बच्चों ने बताया कि हमने अपने शिक्षकों से काफी कुछ सीखा जो जीवन में बहुत काम आयेगा। योग हमारे जीवन का आधार है। इसे हमें प्रतिदिन करना चाहिए। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण बातों पर बच्चों से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि गर्मी की छुट्टियों में भी हम कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों की अच्छी तैयारी कर सकते है। समय का अच्छा सदुपयोग हो सकता है। इसके अलावा अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर बच्चों से चर्चा की गई जो छात्र जीवन के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है।

## हसदा में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत हसदा में नवीन आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्रमांक 2 का लोकार्पण जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेंद्र साहू, जनपद पंचायत सभापति राजेश कुमार साहू, भाजपा मेघा मंडल पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू ने किया।

मौके पर सरपंच श्रीमती ईश्वरी साहू , उपसरपंच भूषण यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश यादव, ग्रामीण अध्यक्ष कांशीराम साहू, विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू पंचगण गुहा ध्रुव, कीर्तनराव मराठा, चित्रसेन साहू, श्रीमती इंद्रा सोनवानी, श्रीमती माहेश्वरी यादव, श्रीमती दुर्गा साहू, भाजपा बूथ अध्यक्षगण मनोज यादव, राकेश साहू, रोमेंद्र साहू, पंचायत सचिव छबिलाल साहू, रोजगार सहायक महेंद्र साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर खिलेश पटेल, सेवक पटेल, भोला बंजारे समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सबसे अधिक राशन कार्ड, श्रमकार्ड, मनरेगा कार्ड, पीएम आवास संबंधित आवेदन मिले

- ग्राम कनेरी एवं पेंडरवानी में लगा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर(धमतरी)



छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं जनता को उनके आवेदनों के बारे में जानकारी देने गुरूर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम कनेरी एवं पेंडरवानी में शिविर का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

ग्राम पेंडरवानी में हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में कलस्टर के 13 ग्राम पंचायतों से आए लोगों ने 6277 आवेदन दिया था जिसमें से सभी आवेदनों का परीक्षण कर संबधित विभागों ने उनका निराकरण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सबसे ज्यादा 4595 आवेदन मिले जिसमें अधिक राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा कार्ड, प्रधानमंत्री आवास की मांग संबधित आवेदन प्राप्त हुए थे। ग्राम कनेरी में भी विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि विभाग द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, उन्नत धान बीज, कीटनाशक दवाएं और खाद बीज भी बांटा गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी और श्रवण यंत्र का वितरण एवं मतस्य पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आइस बाक्स और मछली जाल प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग केवारा गर्भवतियों को सुपोषण किट देकर गोदभराई की रस्म पूरी की गई। वहीं बच्चों को खीर खिलाकर अन्प्राशन संस्कार भी कराया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा, जिपं सदस्य तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, टुकेश्वर पांडेय, जनार्दन सिन्हा, पेंडरवानी सरपंच त्रिलोकी साहू, कनेरी सरपंच दिनेश्वरी, अनुविभागीय अधिकारी रामकुमार सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, नायब तहसीलदार शिवेन्द्र सिन्हा, सीईओ जनपद पंचायत गुरूर उमेश रात्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

## तिरंगा रैली देश के वीर जवानों को समर्पित : गोटा



- तिरंगा रैली में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत सिहावा में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली पंचायत भवन से शुरू होकर गलियों से होते हुए सब स्टेशन पहुंची। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा कि यह रैली देश के उन वीर जवानों के लिए समर्पित है जिन्होंने भारत पाकिस्तान युद्ध में पकिस्तान को करारा जवाब दिया।

इस अवसर पर जनपद सीईओ करुणा सागर पटेल, सरपंच श्रीमती उषा देवी नाग, सचिव संतोष ध्रुव, उपसरपंच सुनील सिंहसार, भीतरास सरपंच रेमन्त शान्डिल्य, उपसरपंच सुनील यादव, प्रवीण गुप्ता, बल्लू सेन, पंच फैजल खान, त्रिलोक ध्रुव, चूड़ामणि ध्रुव, किशनलाल नाग, वीरेंद्र कुमार मनहरे, राजकुमार कुंजाम, लोकेश्वर पटेल, ओमप्रकाश, विजय अग्रवानी, तिलेश्वरी पटेल, मीनू, कुलदीप, कृतिलता नाग, पायल पटेल, ममता निषाद, अशोक निषाद, गोविंद नारायण साहू, गुलाब निषाद, दुलेश्वर पटेल, सुरेंद्र निषाद उपस्थित थे।

## मोतिमपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत मोतिमपुर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर जवानों के साहस एवं पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मीना साहू सदस्य जिला पंचायत, खिलेश्वरी साहू सरपंच, पंच नारायण साहू, तुलसीबाई साहू, नंदनी, यशोदा, शांति कुर्रे, हीराबाई सतनामी,हिरऊराम सतनामी, गोवर्धन, रामप्रसाद यादव, चुम्मन साहू उपसरपंच, सचिव चंद्राहास साहू सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

## रांकाडीह में निकली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता एवं भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रांकाडीह में सरपंच भोजराम साहू के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों ने तिरंगा झंडा लेकर गांव का भ्रमण किया। महावीर चौक पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम हुआ। शत्रुघ्न साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम घटना का बदला ले लिया है। आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। दुनिया के 25 देशों में अमेरिका, रूस के बाद तीसरी ताकतवर देश भारत बना है। भारतीय तीनों सेना के पराक्रम, आदम्य, साहस एवं वीरता को देशवासी सलाम करते हैं। इस अवसर पर सरपंच भोजराम साहू, उपसरपंच किरण साहू, भारत साहू, मनोहर साहू, संतराम, बिसेराम, गणेश, भूखन, दुलेश्वर, गैंदराम, रामगुलाल, दुमन, खुमेंद्र, प्रेमलता साहू, मुकेश साहू, जुनेहा खान, सचिव प्रेमसिंह ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बिजली सहित बचे काम को जल्द से जल्द पूरा करने दिए निर्देश

# तेजी से आकार ले रहा श्यामतराई का फूड पार्क



**धमतरी।** ग्राम श्यामतराई में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फूड पार्क का काम तेजी से चल रहा है। सीएसआईडीसी द्वारा विकसित किए जा रहे इस फूड पार्क में सड़क, नाली बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस फूड पार्क में पहुंचकर चल रहे कामों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक श्री गोस्वामी से इस फूड पार्क में विकसित हो रही सुविधाओं की जानकारी ली और बचे हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि श्यामतराई में 8.83 हेक्टेयर रकबे में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फूड पार्क की स्थापना की जा रही है। यहां लगने वाली औद्योगिक इकाईयों को सम्पबेल द्वारा पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लगभग 4 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से विकसित हो रहे इस औद्योगिक पार्क में सड़क किनारे बिजली पोल लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माण एजेंसी को ये सभी काम अगले एक माह में पूरा करने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने फूड पार्क में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन की पूरी प्रारंभिक तैयारी भी एक माह में करने के निर्देश जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक को दिए। इस औद्योगिक पार्क के विकसित हो जाने पर उद्यमियों को अपनी उत्पादन यूनिट लगाने के लिए शासन के निर्धारित नियमों और दरों पर भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। जिले में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और निवेश भी बढ़ेगा।

### परमार्थ सेवा समिति ने की मुक्तिधाम की साफ-सफाई

**नगरी।** परमार्थ सेवा समिति द्वारा नगर पंचायत नगरी के मुक्तिधाम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की।

इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, चमन साहू, दयाशंकर साहू भोजराज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मुक्तिधाम की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है।

## खबर संक्षेप



### सनातन समाज का किया गठन, दी गई जिम्मेदारी

**भानुप्रतापपुर।** ऋषि-मुनियों और संत-महंतों के धर्मशास्त्र को आधारस्तंभ मानकर समाज, राष्ट्र और धर्म की उन्नति और सनातन धार्मिक विचारों को जन जन तक पहुंचाने सनातन समाज का गठन किया गया। बैठक में सनातन समाज भानुप्रतापपुर के संरक्षक का दायित्व मोहन हरद्वानी, चंद्रमौली मिश्रा,श्याम शुक्ला, लाली रंधावा को, अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सिद्धू, कपूरचंद बघरेचा,राहुल शुक्ला, नरेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष अनन्त कोठारी,सचिव संजय नायक, सह सचिव यस कथूरिया, विजय पंजवानी और सलाहकार चंद्रकुमार कटझरे, दीपक विश्वास, मीडिया प्रभारी सुमन सिन्हा, अभिषेक पांडे को प्रिंट और राजकुमार दुबे व संतोष बाजपेई को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कि जिम्मेदारी दी गयी। सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा और दीनू नथानी, समन्वयक भगत शांडिल्य रहेंगे। कोर कमेटी का भी गठन किया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सीएचसी धनेलीकन्हार में ईलाज के लिए लाए जिला बिलासपुर के कोटा थानांतर्गत ग्राम लहगांभठ निवासी 22 वर्षीय सुशील ध्रुव का मौत हो गया। जिला मुंगेली के खुढिया थानांतर्गत ग्राम दानोखार निवासी 22 वर्षीरू नरेंद्र ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक को बिजली करंट लगा था। ईलाज के लिए अस्पताल लाए थे, जहां उसका 17 मई को दोपहर 2 से 3 बजें के बीच मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप व बाइक में सीधी भिड़ंत एक की हुई मौत, दूसरा गंभीर

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बांदे से जनकरपुर मार्ग में 17 मई शनिवार को रात के लगभग 8 बजे के आसपास पिकअप और बाइक में आमने सामने भिड़त हो गई। बाइक में सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 17 मई की रात को लगभग 8 बजे के आसपास दो युवक बाइक सवार होकर जनकपुर से बांदे की ओर रवाना हुए थे। विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन बाजार गाड़ी क्रमांक सीजी 05 एआर 3039 के साथ आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक क्रमांक सीजी 19BT 7726 में सवार दो युवक रोहित सरकार पिता माणिक सरकार उम्र 18 वर्ष ग्राम पीवी 78 जनकपुर का ईलाज के लिए अस्पताल लाते लाते दम तोड़ दिया। वहीं बाइक में सवार दूसरा घायल युवक राजेश बाला पिता सपन बाला उम्र 20 वर्ष पीवी 83 गोविंदपुर बांदे निवासी को अस्पताल में ग्रामीणों एवं पुलिस द्वारा उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

साय सरकार शिक्षा की जगह शराब को प्राथमिकता दे रही है : देवांगन

# 4000 स्कूलों को बंद करने के आदेश के खिलाफ एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

4000 स्कूलों को बंद करने के आदेश के खिलाफ एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में शिव सिंह वर्मा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बाहर एक सांकेतिक प्रदर्शन किया। स्कूल में ताला जड़कर कक्षा के बाहर बच्चों को ब्लैकबोर्ड के सामने बिठाया गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए, मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से सरकार की नीति के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।



जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि प्रदेश में 4000 स्कूलों के बंद होने से 35000 शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। दूसरी ओर सरकार द्वारा 67 नई शराब दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है, जिससे कुल संख्या 741 हो जाएगी। श्री देवांगन ने आगे कहा कि जब शिक्षा की जगह सरकार शराब को प्राथमिकता दे रही है तो एनएसयूआई चुप नहीं बैठेगी। हम हर स्तर पर विरोध करेंगे और शिक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। आगे कहा कि जब भूपेश बघेल की सरकार थी तो स्वामी आत्मानंद विधालय खोला गया था जो देश में अपना अलग पहचान रखता है लेकिन साय सरकार इसे भी अनदेखा कर रही है। एनएसयूआई का यह सांकेतिक प्रदर्शन छात्रों के उज्वल भविष्य की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए एक सशक्त संदेश है। इस प्रदर्शन में पारसमणि साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, हित्तू गंगबेर, चितेंद्र साहू, तेजप्रताप साहू, देवेंद्र देवांगन, यश यादव, उमेश साहू, सौरभ राव, सुदीप सिन्हा, तेजप्रकाश साहू, दादू, धर्मेंद्र पटेल, कृष्णा लहरे, अन्नू, रुद्र सिन्हा, रोहन, तामेश्वर भोयल समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## गर्व के साथ दर्री में निकली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम दर्री में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामवासियों के साथ ही गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। गांव के वरिष्ठ दयाराम साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने पहलगाम कायराना हरकत का जो बदला लिया उसके लिए प्रत्येक देशभक्त नागरिक तिरंगे के माध्यम से सेना के जवानों को सैल्यूट कर रहा है। जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू ने कहा कि मां भारती की आन बान शान के प्रति तिरंगे की ताकत का दुश्मनों को एहसास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन तिरंगा के माध्यम से करवा दिया है। मौके पर सरपंच हिमांशु शेखर साहू, उपसरपंच निरंजन साहू, सचिव श्रीराम सिन्हा, खूबलाल साह, नैनसिंग, खिलेश्वर, डिगेश्वर, योगेश केसरिया, शिवकुमार साहू, रामकृष्ण कुम्भकार, भोला कुम्भकार पंच, दुलेश्वरी, राधा, तीजिया कुम्भकार, चमेली, मालती, मीना साहू मौजूद थे।

## 2 शिक्षक 5 कक्षा को कैसे पढ़ाएंगे

- छग टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से 2008 के सेटअप का पालन कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं धमतरी जिलाध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री से युक्तियुक्तकरण में दखल देने की मांग की। 2008 के सेटअप का पालन कराएं, क्योंकि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक शिक्षक पद घटाया गया। इससे प्राथमिक शाला में 2 शिक्षक 5 कक्षा को कैसे पढ़ाएंगे। युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक-एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त की गई है। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण नीति को एकतरफा लागू किया जा रहा है। नीति के संबंध में विभाग द्वारा आपत्ति दावा क्यों नहीं लिया गया।

आगे कहा कि सेटअप शालाओं में पद का मूल आधार है। अतः



2008 को जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन हो, युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण व विसंगतिपूर्ण बिंदुओं को शिक्षा विभाग अलग करें, इसके बाद शिक्षकों की व्यवस्थापन के विषय में सोंचे। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, धमतरी जिलाध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर, देवनाथ साहू, शैलेंद्र पारिक, सविता छाटा, बी यदु, नन्द कुमार साहू, तीरथ राज अटल, एनआर बघेल, गणेश प्रसाद साहू, बलराम तारम, रामदयाल साहू, शैलेन्द्र कौशल, गेवाराम नेताम, रमेश यादव, दिनेश साहू, कैलाश प्रसाद साहू, डॉ आशीष नायक, दीनानाथ पांडे, कैलाश सोन, संजय साहू, तुनेश्वरी साहू परविंद्र कौर गिल, कौशल चंद चंद्राकर टीकम सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, हरीश कुमार साहू, लोमश साहू, शेषनाराय साहू, तोमल साहू ने ने मांग की है कि अतिशेष के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और 2008 के सेटअप का शालाओं में पालन किया जाए।

## समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी अहिल्या बाई : अग्रवाल





- अहिल्या बाई होल्कर की नीति भारतीय राजनीति में आज भी प्रासंगिक है : रोहरा
- अहिल्या बाई के कृतित्व को आमजनों तक पहुंचाने भाजपा ने की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा ने देश भर में पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर पखवाड़े भर के विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई है। यह कार्यक्रम 21 मई से 31 मई तक चलगा। इसके अंतर्गत प्रदर्शनी, गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता, स्वच्छता कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यक्रम जिला से लेकर पंचायत स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को अग्रसेन भवन में हुई। मुख्य वक्ता भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर आज से 300 वर्ष पूर्व एक धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय वीर शासिका के रूप में सत्ता की जो बागडोर संभाली उसके लिए उन्हें पुण्यश्लोका, लोकमाता जैसी उपाधियों से नवाज़ा गया। उन्होंने दृढ़ता के साथ एक शासक के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। रानी अहिल्या बाई समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर का जो शासन करने का तरीका था वो आज की भारतीय राजनीति में भी पूरी तरह प्रासंगिक है। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि रानी अहिल्या बाई की जन्मजयंती के कार्यक्रमों को मंडल स्तर तक ले जाने के लिए मंडल में टीम बनाई गई है। जिले से प्रत्येक मंडलों में 2-2 वक्ता भेजे जायेंगे। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने बताया कि पति के साथ सती होने की इच्छा रखने वाली रानी अहिल्या बाई को नियति ने इस देश की सेवा के लिए भेजा था। उन्होंने तीस वर्षों तक देश की सेवा की। कार्यक्रम के जिला संयोजक शशि पवार ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर महान शासक थी। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पिंकी शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, निरंजन सिन्हा, कमलेश ठोकने, निर्मल बरडिया, कविंद्र जैन, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, नरेश सिन्हा, राजेंद्र गोलछा, अर्चना चौबे, बीथिका विश्वास, गौकरण साहू, ज्योति साहू, ज्योति जैन, बलजीत छाबड़ा, कौशल्या देवांगन, महेश गोटा, अंगिरा ध्रुव सहित जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा

**नगरी।** ग्राम खुदुरपानी में कलेक्टर के निर्देश पर वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोज संस्था और रेशम विभाग द्वारा 10-10 महिलाओं को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक माह में 20 महिलाओं को कोसा उत्पादन एवं प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना और पारंपरिक वन संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न केवल कोसा धागा निकालने की प्रक्रिया को सीख रही हैं, बल्कि उससे जुड़े उत्पादों के विपणन और उद्यमिता कौशल का भी विकास किया जा रहा है।

चुनाव को लेकर पत्रकारों में दिखा भारी उत्साह

## 14 मतों से जीत दर्ज कर विशाल बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

**विशाल ठाकुर को 24, प्रेम मगेंद्र को 10 वोट मिले**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रेस क्लब धमतरी के विशाल ठाकुर अध्यक्ष बने। उन्होंने 14 मतों से जीत दर्ज की। क्लब के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। ज्ञात हो कि प्रेस क्लब धमतरी का चुनाव प्रेस क्लब भवन में रविवार को हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार विशाल ठाकुर और प्रेम मगेंद्र थे। मतदान सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ जो दोपहर 2 बजे तक चला। चुनाव को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। भोजन के बाद मतों की गिनती की गई।

इस चुनाव में विशाल ठाकुर को 24 मत मिले वहीं प्रेम मगेंद्र को 10 वोट मिले। इस तरह विशाल ठाकुर 14 मतों से जीत दर्जकर प्रेस क्लब अध्यक्ष चुने गए। ज्ञात हो कि विशाल ठाकुर पूर्व में जिला महासचिव का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं जिसका पूरा लाभ उसे अध्यक्ष बनने में मिला। चुनाव क्लब के महासंरक्षक दीपक लखोटिया,



सुधीर गुप्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य आदि चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि जिस विश्वास के साथ सदस्यों ने अपना स्नेह देकर मुझे यह दायित्व सौंपा है, उसे वे कायम रखेंगे। उन्होंने सभी को साथ लेकर पत्रकारों एवं संगठन हित में कार्य करने की बात कही। चुनाव अधिकारियों ने अध्यक्ष एवं महासचिव को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष, महासचिव ने मां विंध्सवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मेघराज ठाकुर, एमए फहीम, दीप शर्मा, मोहम्मद शाह अहमद, सुनील शर्मा, राजेंद्र माहेश्वरी, प्रेम मगेंद्र, आशीष मिन्नी, राजेश रायचुरा, सुभाष साहेब, नरेश श्रोती, उमेश बशिष्ट, पवन तिवारी, राज सोनवानी, सत्येंद्र शर्मा, कमलेश पांडे, संजय जैन, नरेश राखेचा, रामकृष्ण ठाकुर, जुनैद रिजवी, लोकेश साहू, मोइन खान, डॉ. भूपेंद्र साहू, दिलीप देवांगन, यशवंत साहू, राजू देवांगन, संतोष सोनकर, दीप नारायण शर्मा, बसंत सचदेवा, दीपेश देवांगन, दिनेश देवांगन, चंद्रकांत साहू, पवन साहू, माधवेन्द्र हिरवानी सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

### सुख और दुख जीवन के दो पहलू है : बीके सरिता

**धमतरी।** लेडीज क्लब के तत्वावधान में एक रेस्टोरेंट में लेडीज क्लब की संरक्षिका मधु रानी ढांढ के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बीके सरिता भी शामिल हुई। लेडीज क्लब अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। संचालिका उषा गुप्ता व डॉ भारती राव ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। सरिता बहन ने कहा कि सुख और दुख जीवन के दो पहलू है और वे ही जीवन को गति प्रदान करते हैं। इस संसार में जो जन्म लेता है उसे मृत्यु जैसे शाश्वत सत्य से भी साक्षात्कार करना पड़ता है।

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की रायपुर संभाग स्तरीय बैठक हुई, जिसमें धमतरी जिले से अनेक पदाधिकारी शामिल हुए। पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं संरक्षक चंद्रभानु मिश्रा एवं वर्तमान प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में 1998 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रथम नियुक्ति तिथि से लागू करने व संघ की आगामी कार्य योजना पर विचार मंथन किया गया। सभी शिक्षकों को लक्ष्य प्राप्ति तक संघर्ष करने एवं प्रांत, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सभी शिक्षकों को संगठित करने का निर्णय लिया गया।



बैठक में पूर्व प्रांत अध्यक्ष चंद्रभानु मिश्रा को स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत शिक्षक भारत कन्नौजे का भी सम्मान किया गया। बैठक में प्रांतीय महासचिव देशनाथ पांडे, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष नारायण सोनी ,प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर, खेदुराम चंद्राकर, श्री ठाकुर, अनिल ढीढी, संदीप नेताम, राजकुमार आंवले, मंसू राम मंडावी, मीरा दामले, संगीता गोस्वामी, माया वैद्य कृष्णा बघेल, भुनेश्वर साहू, भुवन कन्नौजे, लीलाधर पटेल, रामजी टंडन, रमाशंकर पांडे, तरुण कहार, परमानंद निर्मलकर, सत्य प्रकाश साय, रामाधार जलछत्री, पन्नालाल ध्रुव, महेश कुमार साहू, वेदराम साहू, उदयराम साहू, नरेश नेताम, ललित दामले सहित बड़ी संख्या में एलबी संवर्ग के शिक्षक मौजूद थे। बैठक का संचालन प्रेमचंद डड़सेना ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
20 मई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
21 मई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
कृपया असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर